हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 जैविक खेती में वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करे किसान



11 जिले में मिले 2083 अति कुपोषित बच्चों का किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण



## खबर संक्षेप



### फसल बीमा योजना का रथ प्रचार के लिए रवाना

**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसल के लिए तैयार किए गए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सभी किसान कृषि और उद्यानिकी फसलों का बीमा अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक कराएं। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कृषि फसल से संबंधित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी और उद्यानिकी विभाग के अधीक्षक बीएल पैकरा और एमके भगत उपस्थित थे।

### महंत को मनाने पहुंचे ढेबर

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर गुरुवार देर रात रायपुर दक्षिण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी व दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास से मिलने पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक श्री ढेबर ने महंत रामसुंदर दास से कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा वापस लेने का आग्रह किया। महंत को मनाने पहुंचे एजाज ढेबर अकेले ही उनके पास गए थे। महंतजी इस्तीफा वापस लेने के लिए माने या नहीं, इस पर सस्पेंस है।

### मजाक में गाली-गलौज करने से रोकने पर मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक किशोर ने एक लड़के खिलाफ मजाक में गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजा तालाब निवासी कुनाल यादव ने राजू साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कुनाल ने पुलिस को बताया कि राजू उसके साथ मजाक करते हुए गाली-गलौज कर रहा था।

# बढ़ने लगी ठंड, शहर और ग्रामीण अंचल में अलाव जलने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों ठंड का अहसास होने लगा है। अब लोग सुबह सुबह अलाव जलाने लगे हैं। शुक्रवार को बालोदाबाजार का तापमान में गिरवाट दिखी गई। यहां अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब रहा। प्रदेश में सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 7.7 डिग्री दर्ज किया गया। 16 दिसंबर तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कमी का दौर चलता रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव फिर प्रारंभ होगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 16 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ हो जाएगी। 18 दिसंबर तक यही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद पुनः न्यूनतम तापमान में कमी का दौर शुरू होगा।

फिलहाल 15 दिसंबर से ठंडी और शुष्क हवा की शुरूआत का अहसास हुआ। जिसके कारण जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है। जिला मुख्यालय सहित पूरे ग्रामीण अंचल में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बदली-बारिश की कोई स्थिति 16 दिसंबर तक निर्मित नहीं होगी। इस दौरान आसमान साफ रहेगा। सभी संभागों में तापमान लगभग सामान्य है। कुछ स्थानों में 1 से 2 डिग्री का अंतर वर्तमान और सामान्य तापमान के मध्य है।

## 17 से बढ़ेगा शहर का न्यूनतम तापमान, 19 से आएगी गिरावट



### उत्तरी छग में बदली और बारिश

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ में बदली-बारिश की स्थिति निर्मित रह सकती है। 16 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ आने के बाद 17 व 18 दिसंबर को यह स्थिति निर्मित होगी। हालांकि अति वर्षा के हालात नहीं बनेंगे। इसके बाद मौसम साफ होते ही न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। शहर का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान गिरने के कारण रात और अल सुबह कंपकंपाने वाली ठंड का अहसास हो रहा है। हालांकि कड़ाके की ठंड के लिए अभी इंतजार करना होगा। शीतलहर या समकक्ष स्थिति जनवरी में ही निर्मित होगी।

**कार्रवाई : लगभग 9 एकड़ में फैला अवैध कब्जा कुछ ही देर में जमीदोज**

# प्रशासन ने अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

वर्षों से हाईकोर्ट में चल रहे प्रकरण में विगत कुछ माह पूर्व मंडी प्रशासन के पक्ष में निर्णय आया था। राजनीतिक हस्तक्षेप और चुनावी प्रक्रिया के कारण कृषि उपज मंडी के स्वामित्व क्षेत्र में ऐसे सारे अवैध निर्माणों को तोड़ा नहीं जा सका था। मंडी प्रशासन द्वारा पूर्व में लगातार अवैध कब्जाधारियों को नोटिस भी दी जा चुकी थी, लेकिन किसी भी कब्जेधारी द्वारा अपना अवैध निर्माण नहीं हटाया था। फल स्वरुप प्रशासन हरकत में आते हुए पूरे लाव लश्कर के साथ संबंधित विवादास्पद स्थल पर पहुंच गया। अवैध निर्माण पर बुलडोजर की कार्रवाई के पूर्व ही बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया। कुछ घंटे की मोहलत देकर ऐसे दुकानदारों का कब्जा खाली करवा कर सभी दुकानों को प्रशासन ने ▶▶ शेष पेज 11 पर

### क्षेत्र में पहली बार अवैध कब्जे पर बड़ी कार्रवाई

भाटापारा नगर के इतिहास पर गौर करें तो प्रशासन द्वारा जब कभी भी कार्रवाई की गई छोटे दुकानदारों, अस्थाई गुमटियों और सड़कों पर ठेला लगाने वालों पर ही हो पाई। नगर के इतिहास में पहली बार वृहद स्तर पर कार्रवाई देखने को मिली। अतिक्रमण की कार्रवाई में मुख्य रूप से मंडी प्रशासन, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस प्रशासन की टीम तैनात रही।





### खाली कराई गई शासकीय भूमि की सुरक्षा आवश्यक

जिस तरह से नई सरकार के गठन बाद से ही प्रदेश में चारो ओर अवैध कब्जों पर बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है, उसी कार्रवाई के अंतर्गत भाटापारा में भी आज अवैध कब्जों पर कार्रवाई का श्री गणेश किया गया। उम्मीद है प्रशासन द्वारा लगातार ऐसी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने तो कार्रवाई कर दी लेकिन भविष्य में ऐसी कार्रवाई के बाद खाली की गई शासकीय भूमि की सुरक्षा की चिंता भी आवश्यक है, अन्यथा पुनः उक्त भूमि पर कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया जाएगा।

### होगी कार्रवाई

न्यायालय के आदेश के परिपालन में आज अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। मंडी प्रशासन के स्वामित्व की भूमि के लिए राजस्व विभाग में सीमांकन के लिए पत्राचार किया गया है। शीघ्र ही अन्य अतिक्रमित क्षेत्र पर भी उचित कार्रवाई की जाएगी।

-एस एल वर्मा, मंडी सचिव, भाटापारा

# आधे-अधूरे कार्य करने वाले जिले के 43 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर ने की। कार्य में लापरवाही, समय पर कार्य न पूर्ण करने, कार्य प्रारंभ ना करने, आधे-अधूरे कार्य करने पर जिले के 43 ठेकेदारों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बिभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए फील्ड में जाने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने दो टूक कहा की जल जीवन मिशन में जिले की अच्छी स्थिति नहीं है। ठेकदार बहुत ही लापरवाही से कार्य कर रहे हैं। जिन स्थानों में अभी कार्य स्वीकृति मिलने पर भी कार्य प्रारंभ नहीं किए है ऐसे कार्यों को निरस्त करें, साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबधित ठेकेदारों के फर्म को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री कुमार ने कहा संबंधित अधिकारी मैदानी अमलों से प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा कि टेण्डर जारी होने के बाद ठेकेदारों द्वारा शीघ्र अनुबंध कर 15 दिन के अंदर कार्य प्रारम्भ कर देना चाहिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे पाइप व नल इत्यादि की गुणवत्ता पर बिशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाइप बिछाने व टेस्टिंग का ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन ने दिखाया कड़ा रूख

# नगर में संत साईंलाल दास का चालीहा कार्यक्रम प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

बाबा गुरमुखदास सेवा समिति द्वारा नगर स्थित श्री गोदड़ीवाला धाम भजन-सत्संग से गुंजित हुआ। यहां संत लालदास साहिब का दिव्य सत्संग सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

इस दौरान भगवान झूलेलाल का चालीहो महोत्सव का वर्णन करते हुए संत साई लालदास ने भगवान झूलेलाल की महिमा की जानकारी दी। उन्होंने कि जो भक्त 40 दिनों तक भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करते हैं, उपवास रखते हैं उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान समाजजन घर में कलश रखकर उसमें जलभर कर रखें तथा 40 दिनों तक बिधिवत पूजा-अर्चना करें तो सुख शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। इस तरह भगवान झूलेलाल का अवतरण मानव मात्र की सेवा के लिए हुआ था, उसी तरह मानव सेवा को ही माधव सेवा मानकर आराधना करनी चाहिए। 22 जनवरी को चालीहा समाप्ति के दिन अयोध्या में भगवान राम की वापसी भी है, इस दिन चकरभाठा में दीपावली जैसा पर्व होगा।

बाबा गुरमुखदास सेवा समिति के सदस्य द्वारा बताया गया कि चालीहा महोत्सव के दौरान समाज के घरों और दरबारों में प्रतिदिन रात्रि में भजन कीर्तन व सत्संग किया जाएगा। चालीहे के प्रथम दिन झूलेलाल धाम में महाआरती एवं भजन कीर्तन किया गया।

# रानी सागर तालाब का गहरीकरण, पीचिंग एवं पचरी निमार्ण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अल्ट्राटेक रावन सीमेन्ट संयंत्र के कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलीटी द्वारा सरसेनी गांव के मुख्य रानी सागर तालाब का गहरीकरण, पिंचिंग एवं पचरी निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्राम सरसेनी में ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में किया गया।

■ अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने ग्रामीणों की मांग पर निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की राशि

गांव की अधिकतर जनसंख्या इस तालाब को निस्तारी के लिए उपयोग करती हैं। इस गांव का यह मुख्य तालाब पानी इकठ्ठा होने से निस्तारी के अलावा पशु के उपयोग व वाटर लेवल भी बनाये रखने में मद्द मिलेगा। इस कारण यह कार्य ग्राम पंचायत के लिए और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उक्त कार्य को करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा सीएसआर रावन को आवेदन किया था। पंचायत के आवेदन पर अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राप्त आवेदन के आधार पर तालाब के गहरीकरण, पिंचिंग व पचरी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर से विभाग प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति व दया वर्मा तथा ग्राम पंचायत सरसेनी से सरपंच लक्ष्मी साहू, उपसरपंच चंदन साहू, पंच तामेश्वरी साहू, सरस्वती नवरंगे, रामहिन साहू, पुन्नी साहू एवं प्रेमलाल सिन्हा ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में 20 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैंप

**बलौदाबाजार।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 20 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक हर्ष एग्रो लवन रोड बलौदाबाजार द्वारा सेल्समेन (पुरूष) के 8 पद, योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष अनुभव, उम्र 35 वर्ष, वेतन 7 हजार रूपये तक कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

**एजेन्सी देना है...**

हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार

जिला के अंतर्गत **भाटापारा** में एजेंसी देना है

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**

धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)

मो. 8370049468, 9098595071

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**

**पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 25 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक |**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक |**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,

.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923

**खबर संक्षेप**

### सूने मकान में धावा दो लाख की चोरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान से 90 हजार रुपए नकदी सहित दो लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रोफेसर कॉलोनी मलसाय तालाब निवासी राहुल जोशी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान में धावा बोलकर मकान में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### आपसी रंजिश पर मारपीट वाहन में की तोड़फोड़

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक लड़के के साथ एक युवक तथा उसके साथियों द्वारा आपसी रंजिश के चलते मारपीट



करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सविता चौधरी ने राहुल सेन तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने मोनू जोशी को अपनी दुपहिया घर के अंदर करने के लिए बुलाया था। इसी दौरान राहुल तथा उसके साथियों ने आपसी रंजिश के चलते मोनू के साथ मारपीट करते हुए उसके दोपहिया वाहन में तोड़फोड़ की।

### फुटबाल खिलाने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक युवक ने अन्य दो युवकों तथा उनके साथियों के खिलाफ फुटबाल खेलने के विवाद में



मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निलेश वर्मा ने सतखोजन बंजारे, प्रताप बंजारे तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निलेश ने पुलिस को बताया कि वह बच्चों के साथ फुटबाल खेल रहा था। इसी दौरान सतनखोज और उसके साथी मैदान में पहुंचे और निलेश तथा बच्चों के साथ फुटबाल खेलने की बात कही। मना करने पर सतनखोज तथा उसके साथियों ने निलेश के साथ मारपीट की।

### सुघ्घर अभियान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से किया जाएगा उपचार

# जिले में मिले 2083 अति कुपोषित बच्चों का किया जाएगा स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में कुपोषण की दर को कम करने एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तहनीकी सहयोग से अति गंभीर कुपोषित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत स्वास्थ्य जांच एवं सीएसएएम कार्यक्रम के ऊपर जिला स्तरीय बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कुपोषित बच्चों केसमुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन और जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने के निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए आवश्यक दवाई उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीएसएएम कार्यक्रम के तहत बिना किसी चिकित्सा जटिलता वाले सैम बच्चों सीएसएएम कार्यक्रम में भर्ती कराकर उनका फॉलोअप किया जाएगा तथा और जटिलता वाले सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती की जाएगी।

जिले के सभी 2083 गंभीर कुपोषित बच्चों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम्से स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। उक्त अभियान को 'सुघ्घर अभियान' का नाम दिया गया।



**नामित चिकित्सक करेंगे स्वास्थ्य परीक्षण**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमपी महीश्वर ने कहा कि इन बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक नामित किया गया है। नामित चिकित्सक आयोजित शिविर में केवल बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जावेगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, टिक्कवेन्द्र जाटवर, सीएचएमओ डॉ. एमपी महिश्वर, डॉ. केके टेंमूरने शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सिविल सर्जन, डॉ. योगेन्द्र वर्मा पोषण पुर्नवास केन्द्र नोडल अधिकारी, आदित्य शर्मा, डीपीएम अनुपमा तिवारी, रूपेश चक्रधारी जिला पोषण समन्वयक एम्स रायपुर, नीरज सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी लवन, जया पटेल परियोजना अधिकारी पलारी, पारस साहू प्रभारी जिला सलाहकार शिशु स्वास्थ्य एवं भानू वर्मा फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

## अवैध कब्जा हटाने बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज सुहेला

विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के तत्वावधान में सिमगा प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने खुले में बिक रहे मांस मटन, अवैध शराब, नशीले पदार्थों एवं नगर पंचायत सीमा के अंतर्गत मुख्य मार्ग, गांव आदि के अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल जिला सह संयोजक दीपक कुमार साहू ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला कार्यकारिणी द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से सम्पूर्ण जिले में बिक रहे अवैध शराब, खुले आम बिक रहे जानवरों के मांस मटन, नशीले पदार्थों की बिक्री साथ ही अवैध अतिक्रमण कर मुख्य मार्ग, गांव नगर, कस्बों की भूमि पर कब्जा कर अपना मकान दुकान आदि बनाकर रह रहे हैं एवं चखना सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिससे यहां निवासरत लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में इस संबंध में कार्यवाही के लिए आवेदन दिया गया है। उसी तरह तहसीलदार सुहेला और थाना प्रभारी सुहेला को ज्ञापन सौंप कर ज्ञात कराते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की, जिसमें प्रखंड सह संयोजक संजय शर्मा खंड संयोजक नीतीश, खंड संयोजक कुलेश्वर यदु, चमन वर्मा, अर्जुन निषाद, मुकेश प्रजापति, गजेन्द्र साहू आदि शामिल रहे।

## प्रतिभूति एवं निवेश पर कॉलेज में हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलादौबाजार में वाणिज्य विभाग द्वारा 15 दिसंबर को प्रतिभूति एवं निवेश संबंधी जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मृगांक कुमार साहा ट्रेनर एवं मैनेजर थे। मुख्य वक्ता ने निवेश करने के तरिके, डिमेट अकांउट खोलने की प्रक्रिया, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा निवशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियम को बताया गया। बीएसई, एनएसई, एनएसडीएल आदि के बोरे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। दीर्घकालिन निवेश करते समय निवेशकों को किन बातों का ख्याल रखना चाहिए। एक अच्छा निवेश प्रक्रिया में क्या–क्या शामिल होना चाहिए आदि के बारे में बताया गया। निवेश बाजार में सावधारी एवं सतर्कता से किया गया निवेश जीवनभर फल देता रहता है। मृगांक कुमार साहा ने सभी शिक्षकों के निवेश संबंधित जिज्ञासा को पूर्ण किया। 30 से अधिक प्राध्यापक इस जागरुकता कार्यशाला में भाग लिये।

## शारीरिक दक्षता में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को मिलेगी निःशुल्क बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली अंतर्गत अप्रैल 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती परीक्षा 15 से 23 दिसंबर तक पुलिस लाइन खोखरा भांठा जांजगीर का आयोजन किया जा रहा है। सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के लिए जनरल ड्यूटी हेतु परीक्षा 18 दिसंबर को और टेक्निकल–क्लर्क भर्ती परीक्षा 20 दिसंबर को निर्धारित की गई है।

इसके अनुसार जनपद पंचायत बरमकेला एवं सारंगढ़ क्षेत्र के आवेदकों के लिए 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत परिसर सारंगढ़ में तथा जनपद पंचायत बिलाईगढ़ क्षेत्र के आवेदकों के लिए 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे अपरान्ह शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय परिसर बिलाईगढ़ में वाहन सुविधा उपलब्ध होगी।

जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा आवेदकों के आवास व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला प्रशासन सारंगढ़–बिलाईगढ़ द्वारा जिले के आवेदकों के लिए भर्ती रैली स्थल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा की व्यवस्था की गई है। सारंगढ़ जिले के लिए पूर्व में यह परीक्षा 16 दिसंबर को परीक्षा निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 18 दिसंबर की गई है।

## मैप रीडिंग और फील्ड क्राफ्ट टेस्ट कम्पलीट करने वाले कैडेट को मिला रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



■ इतवारी राम यादव शासकीय कॉलेज में द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई

इतवारी राम यादव शासकीय बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा के द्वितीय वर्ष के एनसीसी कैडेट्स को प्रार्थना सभा में रैंक प्रदान की गई। इसके पूर्व एसएनओ पोखराज मांझी ने एनसीसी में रैंक कैसे मिलती है कि जानकारी देते हुए बताया कि जब एनसीसी में कैडेट के रूप में छात्र तीन महीने पूरे कर लेता हैं, जिसमें कम से कम 75 प्रतिशत अटेंडेंस, ड्रील टेस्ट, मैप रीडिंग टेस्ट तथा फील्ड क्राफ्ट टेस्ट को कंम्पलीट करने के बाद कैडेट को लांस कार्पोरेल जिन्हें LCPL कहा जाता है रैंक प्रदान की जाती हैं। इसकी पहचान के लिये इनके बाई आस्तीन पर V सेफ का शेवरान बना होता हैं। पश्चात लांस कार्पोरल के रूप में एनसीसी में 6 महीने पूरे करने पर जिसमें वैपन ट्रेनिंग करवाई जाती हैं, जिसे कंम्पलिट करने के बाद कार्पोरल रैंक दी जाती हैं। पहचान के लिए इनकी बाई आस्तीन पर V सेफ का डबल शेवरॉन लगा होता हैं।

कार्पोरल के रूप में 6 महीने और कंम्पलीट करने के बाद सीएस एम रैंक दी जाती हैं। इसकी पहचान इसके दाई हाथ के कलाई में अशोक चक्र युक्तबेल्ट पहना होता हैं। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने कैडेट प्रहलाद निषाद को सीएसएम रैंक प्रदान किया। सार्जेंट रैंक कैडेट अर्पित यादव को व्याख्याता डीपी साहू, तीन कैडेट्स गोपी, अहमद रजा एवं किशन मौर्य को कार्पोरल रैंक व्याख्याता डॉ. ए वर्मा, एस कंवर एवं एस बंसल ने प्रदान किया। व्याख्याता द्वय आर भालेराव एवं बी शर्मा ने कैडेट्स ईश्वर निर्मलकर व वेद प्रकाश कुशवाहा को लांस कार्पोरल का रैंक प्रदान किये। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने रैंक प्राप्त करने वाले सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर व्याख्याता राज वर्मा, जेनिफा लकड़ा, दीपिका साहू, मीनू कुशवाहा तथा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अपने-अपने विभागों में वापस होंगे मूल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ प्रेसवार्ता में विधायक ने कहा -अधिकारी, जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों की सलाह से होगा समस्याओं का निराकरण

जिला में प्रभारी अधिकारियों के हवाले सभी शासकीय विभागों में शीघ्र ही मूलपद धारक अधिकारियों की नियुक्ति होने की जानकारी देते हुए बलौदाबाजार क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक टंकराम वर्मा ने सख्त लहजे में यह भी कहा कि अब अफसरशाही वाला रव्यैया नहीं चलेगा। क्षेत्र की समस्याओं को हल करने एवं विकास कार्यों के लिए निर्णय लेने हेतु अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों से सलाह लेकर कार्य करना होगा। शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान विधायक श्री वर्मा ने कहा कि, चुनाव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा भाजपा के दो कार्यकर्ताओं के खिलाफ की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के कारणों की जानकारी प्रशासन को देनी पड़ेगी। इस बारे में विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया जायेगा। विधायक निर्वाचित होने के साथ मिले नये दायित्व तथा नगर की विभिन्न समस्याओं तथा मूलभूत सुविधाओं के बारे में मीडिया की ओर से पूछे गए प्रश्नों का सहजता के साथ उत्तर देते हुए श्री वर्मा ने कहा कि नगर के सुव्यवस्थित विकास के बारे में शीघ्र ही सभी विभाग के अधिकारियों जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया के साथियों की संयुक्त बैठक में सलाहकर निर्णय लिया जावेगा। गत पांच वर्षों से नगर में अटके विकास कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों से चर्चा की जावेगी। उन्होंने ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी के सहयोग से जिलामुख्यालय के अनुरूप शहर के विकास हेतु पहल करूंगा। प्रेसवार्ता के दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी, ठेसुलाल धुंरधर भी उपस्थित थे।

## नगर पंचायत ने चलाया अभियान और स्वच्छता की शपथ दिलाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत पलारी में रैली निकालकर एवं चौक चौराहों, सब्जी मार्केट में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सब्जी मार्केट में साफ सफाई कर डस्ट बिन वितरण किया तथा शासन द्वारा निर्देशित शपथ पत्र पढ़कर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, सीएमओ, नगर पंचायत के पार्षद ताजेंद्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, डॉ. जाल, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, पार्षद प्रतिनिधि मोहन बंजारे, इंजीनियर अनिल वर्मा, अकाउंटेंट भोज साहू, महेन्द्र वर्मा, सफाई विभाग के सभी महिला सफाई कर्मी हेमलता वर्मा, पार्वती, मीना, अन्नू, सीताबाई, गोठान समिति के महिला कार्यकर्ता सहित नगर के अन्य महिला समूह के महिलाएं, नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## बच्चों को दिया जा रहा कराते प्रशिक्षण

**हिरमी-रावन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह संकुल केंद्र मोहरा विकासखंड सिमगा के बच्चों को निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सभी बालिकाएं स्वयं सुरक्षा के सभी प्रशिक्षण जैसे पंच, ब्लॉक, किक व अपने खाली हाथों से अलग-अलग तरीके व सेल्फ डिफेंस बताया जा रहा है तथा गुड टच एवं बेड टच की जानकारी करा रहे हैं। इन बच्चों को प्रशिक्षक हर्ष टोडर एवं लीना वैष्णव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

**पेज 9 के शेष**

### आधे-अधूरे कार्य...

कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा गड्ढों को समय पर मिट्टी भरकर समतलीकरण कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने फील्ड में होने वाले व्यवहारिक समस्याओं के बारे में कलेक्टर को अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में 954 गांवों में घर–घर नल जल पहुंचाना है, जिसमें से अब तक 954 गांवों के लिए टेंडर पूरा हो गया है। उक्त बैठक में सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर सहित विभाग के सभी एसडीओ, सब इंजीनियर व संबंधित सभी ठेकेदार उपस्थित थे।

### प्रशासन ने अवैध...

तोड़ना शुरू कर दिया। कुछ देर के अंदर ही सारा अवैध कब्जा जमींदोज कर दिया गया। प्रशासन की उक्त कार्रवाई की चर्चा दिन भर शहर में चलती रही। हाईकोर्ट के निर्णय के परिपालन में मंडी प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की अन्य क्षेत्रों के कब्जाधारी भी उक्त कार्रवाई के लिए सचेत हो गए हैं। विदित हो कि भाटापारा कृषि उपज मंडी प्रशासन के स्वामित्व में लगभग 19 एकड़ की भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है, जबकि आधे से अधिक भूमि पर लोगों ने कब्जा कर रखा है।

### रानी सागर तालाब ...

तथा ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के समापन पर सीएसआर द्वारा किये गये पिछले कार्यों– रंगमंच, सीसी रोड बोरवेल, सौर पंप, स्प्रींकलर, पंप, पचरी निर्माण आदि के द्वारा ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने के प्रति सरपंच लक्ष्मी साहू ने सीएसआर एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

### जिले में 20 ...

पलारी होगा। ओरियन एजुकेशन सोसायटी बलौदाबाजार द्वारा मेसन ट्रेनर के 4 पद, योग्यता आईटीआई, पालिटेक्नीक, बीटेक उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 45 वर्ष तक, वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपये, काउंसलर के 2 पद योग्यता फिजियोलॉजी एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष तक, वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपये तक, मोबिलाइजर के 4 पद योग्यता बारहवी उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 35 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपये तक, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। स्वतंत्र माईक्रो फायनेंस प्रा.लि. रायपुर द्वारा सेल्स आफिसर के 50 पद, योग्यता दसवीं उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, रिलेशनशिप आफिसर के 5 पद, योग्यता स्नातक उत्तीर्ण, उम्र 18 वर्ष से अधिक, वेतन 14 हजार रूपये, कार्यक्षेत्र संपूर्ण छत्तीसगढ़ होगा।

इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, राज लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बंगोली में भागवत महापुराण कथा आज से

बंगोली। ग्राम बंगोली में 16 से 24 दिसंबर तक भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन बाजार चौक रंगमंच में आयोजित की जा रही है। इसमें कथा वाचक पं. क्षमानिधि शास्त्री द्वारा कथा का रसपान कराया जायेगा। कथा प्रतिदिन सुबह 11 से 1.30 बजे एवं दोपहर 2.30 से सायं 5 बजे तक होगी। कथा प्रारंभ प्रथम दिवस कलश यात्रा कर गौकर्ण कथा सुनायी जायेगी। इसी तरह परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म, श्रीराम जन्म, रुखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष अंतिम दिवस गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन होगा साथ ही अंतिम दिवस भण्डारा होगा। कथा आयोजक ढेलाबाई वर्मा, गोवर्धन वर्मा तथा परीक्षित टिकेन्द्र वर्मा और प्रीति वर्मा है।



बैठक : केंद्रीय अतिरिक्त सचिव ने वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

# भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी सीएस कुमार ने शुक्रवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये भारत सरकार के प्रमुख योजनाओं के लिए आउटसोर्सिंग गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर चंदन कुमार, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन सहित अन्य अधिकारी संयुक्त जिला कार्यालय स्थित एनआईसी रूम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

अतिरिक्त सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर योजना के संबंध में हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि एलईडी वाहन के निर्धारित स्थल पर पहुंचने के तीन दिवस पूर्व कार्यक्रम के संबंध में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को पूर्व सूचना देना तथा कार्यक्रम के दिन स्थल में स्वागत के साथ तय कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में योजना के नए हितग्राहियों का पंजीयन तथा लाभार्थियों के अनुभव भी शेयर करेंगे।



## जिले को निर्यात केंद्र के रूप में किया जाएगा

■ विदेश व्यापार को बढ़ावा देने जिला प्रशासन ने आयोजित की कार्यशाला

बलौदाबाजार। विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जिले में पहली बार एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर चंदन कुमार ने की। कार्यशाला में जिले के राइस मिलर्स, दाल मिलर्स, पोहा मिलर्स सहित अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठान के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जिले को निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने तथा उद्यमियों को अपने उत्पाद का निर्यात विदेशों तक करने में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि भारत सरकार के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से आयात– निर्यात प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है, जिससे घर बैठे ही अपने उत्पाद का निर्यात कर सकते हैं। अब सभी सिस्टम ऑनलाइन हो गया है, जिसका अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस वस्तु का उत्पादन किया जा रहा उसकी गुणवत्ता के बारे में जानना जरूरी है। इसके अनुसार ही उस वस्तु को विदेश निर्यात करने की तैयारी करना चाहिए, ताकि विदेश भेजने पर गुणवत्ता के मामले में असफल न हो। भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशालय के वेबसाइट पर दी गई जानकारी से अवगत होकर निर्यात की प्रक्रिया को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले को निर्यात हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में काम करना होगा। कार्यशाला में विदेश व्यापार महानिदेशालय के अधिकारियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विदेश व्यापार महानिदेशालय में ऑनलाइन पंजीयन, लाइसेंस लेने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, विदेश तक सामान भेजने की प्रक्रिया व आवश्यक दस्तावेज, एमएसएमई, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वस्तुओं को डाक द्वारा विदेश भेजने के लिए डाक घरों में डाक निर्यात केंद्र बनाए गए है। डाक निर्यात केंद्र से पार्सल आसानी से विदेश भेजा जा सकता है। बताया गया कि विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा प्रदेश के सभी 33 जिलों में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। अब तक 5 जिले में कार्यशाला की जा चुकी है।कार्यशाला में अपर कलेक्टर वीसी एक्का, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक लुईस लकड़ा सहित अतिरिक्त महानिदेशक कार्यालय विदेश व्यापार महानिदेशालय नागपुर एवं बैंक अधिकारी के अधिकारी उपस्थित थे।

# जैविक खेती में वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी–रावन

■ संयंत्र ने आसपास के किसानों के लिए जैविक खेती पर कार्यशाला आयोजित की



अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विभाग द्वारा निकटवर्ती गावों के किसानों के लिए जैविक खेती विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के लिए रासायनिक खाद का उपयोग कम करते हुए वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में निकटवर्ती ग्राम सकलोर, परसवानी, अमेरी, कुधरोड़, हिरमी, भटभेरा, बुडगहन के लगभग 52 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि अधिकारी सुचिन वर्मा द्वारा रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया व वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही साथ किसानों को बायो वेस्ट पदार्थ जैसे पैरा, कूड़ा, फल–सब्जी का छिलका इत्यादि का उचित निस्तारण हेतु वेस्ट डीकम्पोजर बनाने के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व मिलेट उत्पादन हेतु विभाग की योजना के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी अशोक मिश्रा द्वारा कृषकों को योजना का लाभ लेने प्रेरित किया गया एवं जैविक खेती, जैविक खाद द्वारा उत्पादित अनाज तथा मोटा अनाज जैसे रागी, कोदो, कुटकी, जवार-बाजरा आदि के फायदे पर चर्चा की गई। संयंत्र के कार्मिक विभाग के विभागाध्यक्ष तरुण जैन द्वारा भी उपस्थित कृषकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा लेने की बात कही गई। इस कार्य के लिए अल्ट्राटेक द्वारा सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में लगभग 45–50 किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे, प्रीतम पटेल, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, मनोज वर्मा, सविता वर्मा आदि की सहभागिता रही।








